सप्तदश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-13.07.2023 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री शकील अहमद खाँ, स०वि०स०	"बिहार यूनिवर्सिटी / कॉलेजों में नामांकन के लिए बिहार के महामहिम राज्यपाल द्वारा जारी Ordinance (बिहार यूनिवर्सिटी एक्ट 1946) की धारा 37 एवं 38 के अंतर्गत **Regulation 1350/2-2023/687**, दिनांक-15.05.2023 के आलोक में पटना यूनिवर्सिटी में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के नामांकन में 29,600/- रूपये शुल्क लग रहा है, जबकि त्रि-वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में 600/- रूपये नामांकन में लगता था । नामांकन शुल्क अधिक होने के कारण चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में गरीब छात्र / छात्रा नामांकन नहीं करा पा रहे हैं । अतः गरीब छात्र-छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम का नामांकन शुल्क पूर्व की भांति रखने का प्रावधान करने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।"	शिक्षा

2. श्री अजय कुमार, स०वि०स० • श्री राजवंशी महतो, स०वि०स० श्री महबूब आलम, स०वि०स० श्री मनोज कुमार यादव, स०वि०स० श्री छत्रपति यादव, स०वि०स०	''राज्य में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र बनाने के लिए पूर्व में सरकार द्वारा आंगनबाड़ी सेविका एवं पंचायत सचिव को प्राधिकृत किया गया था, जिससे आमलोगों को सुगमता पूर्वक जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र उपलब्ध हो पाता था । वर्तमान में संबंधित विभाग द्वारा प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी को रजिस्ट्रार नियुक्त कर जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र निर्गत की जा रही है । एक प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी लगभग 4 से 5 प्रखंडों के प्रभार में होते हैं, जिससे लोगों को बार-बार प्रखंड कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता है । समय पर जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र नहीं मिलने के कारण उक्त प्रमाण-पत्र से संबंधित कार्य काफी बाधित होता है । अतः पूर्व की व्यवस्था को बहाल करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र एवं पंचायत सचिव के माध्यम से भी जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र निर्गत कराने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।''	योजना एवं विकास

पवन कुमार पाण्डेय
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-23/2023- 2518 / वि०स०, पटना, दिनांक- 12 जुलाई, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(संजीव कुमार) 12/07/23
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-23/2023- 2518 / वि०स०, पटना, दिनांक- 12 जुलाई, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्री के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमशः माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(संजीव कुमार) 12/07/23
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-23/2023- 2518 / वि०स०, पटना, दिनांक- 12 जुलाई, 2023 ई० ।

प्रति:- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / शिक्षा विभाग तथा योजना एवं विकास विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(संजीव कुमार) 12/07/23

उप सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-23/2023- 2518 / वि०स०, पटना, दिनांक- 12 जुलाई, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / प्रभारी सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

(संजीव कुमार) 12/07/23

उप सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।